# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),
निकट टोल प्लाजा, मड़वानगर, बस्ती-272002
ई-मेल: eeupjnruralbasti@gmail..com

पत्रांक 540 / M-3 / 58 दिनांक 05/08/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
बस्ती।

विषय:- **दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित दिनांक 04.08.2026 को प्रकाशित "जल जीवन मिशन पाइपलाइन से हजारों लीटर पानी बर्बाद:विक्रमजोत के रूपगढ़ में सड़कें जलमग्न, घरों तक नहीं पहुंच रहा पेयजल" शीर्षक के नकारात्मक क्लीपिंग/ निस्तारण के सम्बन्ध में।**

**महोदया,**

उपरोक्त दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित दिनांक 04.08.2026 को प्रकाशित "जल जीवन मिशन पाइपलाइन से हजारों लीटर पानी बर्बाद:विक्रमजोत के रूपगढ़ में सड़कें जलमग्न, घरों तक नहीं पहुंच रहा पेयजल"शीर्षक के नकारात्मक क्लीपिंग का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें जिसकी आख्या निम्नवत् है-

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| विक्रमजोत ब्लॉक स्थित रूपगढ़ गांव में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। इसके कारण हजारों लीटर पेयजल सड़कों पर बह रहा है, जिससे योजना के उद्देश्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। गांव के कई घरों तक नियमित पेयजल आपूर्ति भी नहीं पहुंच पा रही है। गांव में जगह-जगह पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद हो रहा है। एक ओर यह बहुमूल्य जल संसाधन व्यर्थ बह रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। रिसाव के कारण गांव की सड़कें जलमग्न हो गई हैं और कीचड़ फैल गया है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। ग्रामीण केसरी शंकर ने बताया कि सड़कें तालाब जैसी दिख रही हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने इस संबंध में जल जीवन मिशन के अधिकारियों, कर्मचारियों और संबंधित कार्यदायी संस्था से कई बार शिकायतें की हैं। हालांकि, अभी तक इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीण सुशील शर्मा ने बताया कि विभागीय उदासीनता के कारण पानी की लगातार बर्बादी हो रही है और योजना का मूल उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। एक तरफ सरकार 'हर घर जल' और जल संरक्षण का संदेश दे रही है, वहीं रूपगढ़ गांव में जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही से सरकारी धन और जल संसाधनों दोनों की बर्बादी हो रही है। ग्रामीण शिवा रामकुमार ने कहा कि जिस योजना से गांव को राहत मिलने की उम्मीद थी, वही अब उनके लिए परेशानी का सबब बन गई है। | दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित उक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुए विभागीय टीम द्वारा विक्रमजोत ब्लॉक के ग्राम रूपगढ़ में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बिछाई गई पाइपलाइन एवं पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के समय यह तथ्य प्रकाश में आया कि समाचार पत्र में खबर के प्रकाशन से पूर्व ही लीकेज (रिसाव) संबंधी समस्या का संज्ञान लेकर संबंधित कार्यदायी संस्था/तकनीकी टीम को मौके पर भेजकर पाइपलाइन की मरम्मत करा दी गई थी। वर्तमान में ग्राम रूपगढ़ में पाइपलाइन से किसी प्रकार का पानी का रिसाव नहीं हो रहा है, सड़कें जलमग्न या कीचड़युक्त नहीं हैं तथा राहगीरों एवं ग्रामीणों को आवागमन में कोई असुविधा नहीं है। गाँव में जल जीवन मिशन के तहत नियमित एवं सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति की जा रही है तथा सभी घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुँच रहा है। अतः दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर निराधार एवं भ्रामक है। प्रकरण का निस्तारण समाचार के प्रकाशन से पूर्व ही कराया जा चुका है।  |





भवदीय

(एस रहमान)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ०सं० तथा दिनांक तदैव:-**

**प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1) अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2) मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3) मुख्य अभियन्ता(गो०क्षे०), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
4) अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), बस्ती।

अधिशासी अभियन्ता